अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए निगम

358 **श्री रजनी रंजन साहू :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार पिछड़ा वर्ग विकास निगम की पद्धति पर अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए एक निगम का गठन करने का विचार रखती है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या इसे संवैधानिक दर्जा प्राप्त होगा ?

कल्याण मंत्री (श्री सीताराम केसरी) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

Charter building during primary education

359. SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that one of the objective of education is to mould or shape individual character of the citizen;

(b) if so, what steps Government have taken in this direction; and

(c) what steps Government would take to give prime importance to character shaping in primary education?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH): (a) The National Policy of Education (NPE 1986) seeking education as fundamental to all round development, material and spiritual, of the indivdual, states that the curriculum will inculcate values such as India's common cultural heritage, egalitarianism, democracy and secularism, equality of the sexes, protection of the environment, removal of social barriers, observance of the small family norms and inculcation of the scientific temper. It requires that awareness of the inherent equality of all is created through the curriculum and prejudices and complexes transmitted through the social environment and accident of birth are removed.

(b) and (c) In pursuance of this, NCERT has drawn up a "National Curriculum for Elementary and Secondary Education — A framework" which defines the common core of values to be encouraged by all curricular activities. At the primary stage, the curriculum includes programmes and activities for art education, physical education and work experience. Textbooks are being revised in accordance with this Curriculum Framework.

इलेक्ट्रो-होम्योपैथी पर विशेषज्ञ समिति का प्रतिवेदन

360. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री 16 जुलाई, 1991 को राज्यसभा में अतारांकित प्रश्न संख्या 144 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इलैक्ट्रोपैथी/इलेक्ट्रोहोम्योपैथी पर डा० एस० डी० शर्मा की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने जिसे अपना प्रतिवेदन 31 जुलाई, 1991 तक प्रस्तुत करना था, अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की जा रही है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती डी० के० तारादेवी सिद्धार्थ) : (क) जी, हां । इलैक्ट्रोपैथी/इलैक्ट्रोहोम्योपैथी पर विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट 30-8-1991 को प्राप्त हो चुकी है ।

(ख) उक्त रिपोर्ट की जांच की जा रही है ।